DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक भास्कर, नई दिल्ली, मंगलवार 30 अगस्त, 2022

NAME OF NEWSPAPERS--DATED-------------------------

विधायक ने उद्घाटन के लिए 5 गलियों की पाइप लाइन बदली

फ्लैटों को पानी मिलना बंद, लोग हुए परेशान

नई दिल्ली | चिल्ला गांव और चिल्ला डीडीए फ्लैट में पानी की किल्लत को लेकर लोगों का जीना मुहाल है। यहां रहने वाले 25 हजार लोगों को पीने के पानी को लेकर रात दिन पानी आने का इंतजार करना पड़ता है। जल बोर्ड और त्रिलोकपुरी विधानसभा विधायक रोहित मेहरौलिया के 6 पास शिकायत के बाद भी समस्या हल नहीं होने के कारण डीडीए जनता फ्लैट विकास समिति ने अब विधायक कार्यालय पर 2 सितंबर को मटका फोड़ प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। समिति के प्रधान रोहित डेढ़ा ने बताया कि यहां पर 3 माह पहले इन फ्लैटों में 24 घंटे पानी आता था। बिना की दिक्कतों की बिना शिकायत उद्घाटन कर शोहरत पाने के चाह में विधायक रोहित मेहरौलिया ने पुरानी जनता फ्लैट के 5 गलियों की लाइन बदल दी। पुरानी लाइन निकाली नहीं पुरानी के उपर नई लाइन बिछा दी जिसके बाद पूरे जनता फ्लैट में पानी आना बंद हो गया और प्रेशर भी कम हो गया, जिससे मोटर से छत पर नहीं पा रहा है और 30 मिनट के लिए पानी की सप्लाई दी जाती है। जिससे फ्लैटों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। ऑपरेटरों के अनुसार पीछे से पानी की कटौती कर दी। रोहित ने बताया कि विधायक रोहित मेहरौलिया और जेई गोपाल सिंह और उसके अधिकारियों को शिकायत कर थक गया। जिसके विरोध में जनता 2 सितंबर को विधायक के विरूद्ध समिति के बैनर तले हजारों लोग मटका फोड़ प्रदर्शन करेंगे।

रोहित, प्रधान डीडीए विकास समिति